दैनिक भारत कि
# तामीर
संपादक - काझी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com
Editor in chief- Qazi makhdoom shafiuddin

बीड (महाराष्ट्र) | वर्ष-१ ला | अंक-३०३ वा | बुधवार ४ जून २०२५ | RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 | किमत : २ रूपये | पन्ने - ४

# गोपीनाथगड पर उमड़ा जनसागर, पंकजा मुंडे ने भावुक होकर कहा- जनता का प्रेम परिवार से भी बढ़कर, जीवनभर चुकाने का करूंगी प्रयास



– संवाददाता विशेष, परळी वैजनाथ । ३ जून लोकनेते गोपीनाथराव मुंडे की ११वीं पुण्यतिथि के अवसर पर परळी स्थित गोपीनाथगड पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए हजारों लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस अवसर पर राज्य की पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन व पशुसंवर्धन मंत्री पंकजा मुंडे ने भावुक होकर कहा, जनता ने हमें परिवार से भी अधिक प्रेम दिया है, और उस प्रेम को चुकाने का मैं जीवनभर प्रयास करती रहूंगी।

उन्होंने कहा कि मेरे पिता और आपके नेता लोकनेते गोपीनाथराव मुंडे पुण्यात्मा थे। उन्होंने कभी किसी का बुरा नहीं चाहा और सदैव वंचितों के लिए आवाज़ बने। आज उनकी पुण्यतिथि पर यहां उमड़ा विशाल जनसमूह यही दर्शाता है कि उनका स्थान आज भी हर दिल में है।

इस मौके पर गोपीनाथगड पर ह.भ.प रामराव महाराज ढोक द्वारा रामायण कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसके बाद पंकजा मुंडे ने उपस्थित जनसमूह से आत्मीय संवाद किया।

उन्होंने कहा, हर वर्ष यहां आकर हम ऊर्जा पाते हैं। जनता का यह प्यार और समर्थन हमारे लिए ही असली वैभव है, न कि गाड़ी, संपत्ति या पैसा। लाखों का यह स्नेह ही हमारा गर्व है, और इसके लिए चाहे जितने भी कष्ट सहने पड़े, हम तैयार हैं।

उन्होंने याद किया कि गोपीनाथराव मुंडे की मृत्यु का वह पल आज भी हमारे लिए बिजली गिरने जैसा है। २ जून की रात आखिरी बार जब बात हुई थी तो वे परळी के सत्कार कार्यक्रम में जाने के लिए उत्साहित थे। लेकिन अगली सुबह जब दुर्घटना की खबर आई, तो हमारी दुनिया ही उजड़ गई।

कार्यक्रम में उन्होंने पूर्व विधायक आर.टी. देशमुख के निधन पर भी शोक व्यक्त करते हुए कहा, उनका जाना ठीक वैसा ही दुःखद है जैसा बाबासाहेब का जाना था। हमने गोपीनाथगड पर उनका चित्र लगाया, पुत्री की तरह सूतक भी निभाया। बाबासाहेब ने जात-पंथ-धर्म से परे जो रिश्ते बनाए, वही हमारा वारसा है।

इस स्मृतिदिन पर रक्तदान शिविर, आरोग्य जांच शिबिर, वृक्षारोपण, पशुसंवर्धन शिविर जैसे विविध उपक्रम भी आयोजित किए गए, जिनमें नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर कई राजनीतिक नेता, जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

पंकजा मुंडे ने विश्वास जताया कि गोपीनाथराव मुंडे का विचार, संस्कार और संघर्ष ही उनके परिवार की असली पूंजी है, और वे इसी धरोहर को जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ाती रहेंगी।



# गेवराई उर्दू कन्या कॉलेज में नहीं है एक भी शिक्षक, छात्राओं की शिक्षा पर संकट

## अमरसिंह पंडित से समाधान की उम्मीद, अभिभावकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की मांग

गेवराई (संवाददाता क़ाज़ी अमान) – बीड़ ज़िले के एकमात्र जिल्हा परिषद कन्या उर्दू कनिष्ठ महाविद्यालय, गेवराई में वर्तमान में एक भी शिक्षक नहीं है। शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत के बावजूद छात्राओं को पढ़ाने वाला कोई नहीं है, जिससे उनके भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। यदि राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रदेश सरचिटणीस और पूर्व विधायक अमरसिंह पंडित इस ओर गंभीरता से ध्यान दें, तो यह शिक्षक संकट तुरंत सुलझाया जा सकता है।

इस मुद्दे को लेकर वरिष्ठ पत्रकार क़ाज़ी अमान और वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सय्यद अब्दुल खुद्दूस समेत कई पालकों ने मांग की है कि अमरसिंह पंडित को स्कूल शुरू होने से पहले ही इस समस्या का स्थायी समाधान करना चाहिए।



जानकारी के अनुसार, गेवराई का यह कन्या उर्दू कनिष्ठ महाविद्यालय (कक्षा ११वीं और १२वीं - कला शाखा) पिछले २५ वर्षों से केवल एक ही शिक्षक के सहारे चल रहा था। हालांकि इस कॉलेज के लिए तीन शिक्षकों की स्वीकृत पदें हैं, फिर भी आज तक उन्हें भरने की कोई कार्यवाही नहीं हुई। हाल ही में एकमात्र कार्यरत शिक्षक की प्रतिनियुक्ति अन्यत्र हो जाने से अब कॉलेज पूरी तरह से शिक्षकों से विहीन हो गया है।

इस संबंध में अमरसिंह पंडित को कई बार प्रत्यक्ष मिलकर और लिखित रूप में निवेदन सौंपे गए हैं। छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए शिक्षा के प्रति संवेदनशील अमरसिंह पंडित से उम्मीद जताई जा रही है कि वे इस मामले में व्यक्तिगत रुचि लेकर त्वरित कार्रवाई करें।

गेवराई विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजयसिंह पंडित के कंधों से कुछ बोझ हल्का करने के उद्देश्य से राष्ट्रवादी कांग्रेस के प्रदेश सरचिटणीस तथा पूर्व विधायक अमरसिंह पंडित, गेवराई तालुका की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। हर सोमवार वे गेवराई पंचायत समिति में जनता दरबार लगाते हैं और शिवछत्र, कृष्णाई व कृषि उत्पन्न बाजार समिति जैसी संस्थाओं में भी जनहित के कार्यो में सक्रिय रहते हैं।

अब उन्होंने गेवराई शहर पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि भैय्यासाहेब थोड़ा समय निकालकर गेवराई के कन्या उर्दू कनिष्ठ महाविद्यालय में शिक्षकों की नियुक्ति की दिशा में स्थायी समाधान करेंगे। समाज और पालकों की यह पुरज़ोर मांग है।

# शिवसेना के सभी मंत्री अजित पवार से नाराज़, एकनाथ शिंदे के समक्ष रखीं शिकायतें

– ज़मीर क़ाज़ी, मुंबई

महायुति सरकार में दूसरे क्रम पर माने जाने वाले उपमुख्यमंत्री अजित पवार के खिलाफ एकनाथ शिंदे गुट के सभी मंत्रियों ने एक बार फिर नाराज़गी जाहिर की है। सह्याद्री अतिथिगृह में आयोजित मंत्रिमंडल बैठक के बाद शिंदे गुट के मंत्रियों की अलग से बैठक हुई, जिसमें मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सभी मंत्रियों से व्यक्तिगत रूप से वन टू वन' चर्चा कर उनके विभागों की स्थिति का आढावा लिया।

इस बैठक में अधिकांश मंत्रियों ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार पर निधियों के वितरण में पक्षपात का आरोप लगाया। उनका कहना था कि अजित पवार वित्तमंत्री के रूप में शिंदे गुट के मंत्रालयों को अपेक्षित निधि नहीं दे रहे हैं, जिससे विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। कई मंत्रियों ने यहां तक कहा कि अगर हमें पैसे ही नहीं दिए जाएंगे तो हम काम कैसे करें?

मुख्यमंत्री शिंदे ने इस पर सभी मंत्रियों को आश्वस्त किया कि वे इस मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार से चर्चा करेंगे और जल्द ही समाधान निकालेंगे। साथ ही उन्होंने सभी मंत्रियों को निर्देश दिया कि विकास कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण करें और फाइलें लंबित न रखें।

**राज्यमंत्रियों की भी नाराज़गी, अधिकारों की माँग**

महायुति सरकार में केवल नाम के लिए शामिल किए गए राज्यमंत्री अब अपने अधिकारों की मांग करने लगे हैं। इन मंत्रियों ने आरोप लगाया कि कैबिनेट मंत्रियों के पास सारा कार्यभार होता है, जबकि राज्यमंत्रियों को कोई स्वतंत्र अधिकार नहीं दिया जाता। उन्होंने यह मांग मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के समक्ष एक लिखित पत्र के माध्यम से रखी है, जिसकी पुष्टि सूत्रों ने की है।

राज्यमंत्रियों ने स्पष्ट किया है कि उन्हें भी निर्णय लेने की स्वतंत्रता और विभागीय जिम्मेदारियाँ मिलनी चाहिए, ताकि वे अपने मतदार संघों में प्रभावी काम कर सकें।

Safdar Ali Deshmukh Welfare Trust's
**MODEL ENGLISH HIGH SCHOOL**
Masrat Nagar, Jijamata Chowk, Beed.
&
Safdar Ali Deshmukh Welfare Trust's
**MODEL ENGLISH SCHOOL**
(Pre-Primary & Primary)
Opp. Madina Masjid, Amer Colony, Momin Pura, Beed.

**TEACHERS REQUIRED**

*Principal & Vice Principal* : (M/F)
* Post Graduate with B.Ed. With 4 to 5 years experience.
* Good in English Communication.
* Good at administrative skills.

*Teachers are required in different disciplines to teach :* (M/F)
* English, Hindi, Marathi, Maths, Science, Social Studies, Arts & Computer.
from standard 5th to 10th
Qualification :
B.A / M.A / B.Sc / M.Sc / MCA / B.Ed / M.ed / D.T.Ed

* Mother Teachers required for Pre-Primary and Primary classes.
Qualification : H.S.C., D.Ed.

The complete application CV, photograph and documents should reach the school address.

**Walk-in-Interview will be held from 3rd June (Tuesday) to 6th June (Friday) between 10.00 a.m. to 1.00 p.m.**

**Note** : Only candidate with **English Medium Schooling** need apply. Candidates who have **obtained first class** throughout prepared with the curriculum of Maharashtra State Board of their respective subjects & classes.

**Address :** Model English High School,
Masrat Nagar, Jijamata Chowk, Beed.

**Contact :** 9762909160 / 9823567444 / 8793056030 / 9922873923

## उर्दू दैनिक तामीर के २५ वे साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

# कटाई के बाद नष्ट हुई फसलों के लिए मिलेगी भरपाई-मुख्यमंत्री फडणवीस के निर्देश

– ज़मीर क़ाज़ी, मुंबई

राज्य के विभिन्न हिस्सों में हाल ही में हुई बारिश के कारण कटाई के बाद खेतों में पड़ी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। ऐसे प्रभावित किसानों को मुआवज़ा देने पर विचार किया जाएगा, यह जानकारी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को दी।

महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की बैठक सह्याद्री अतिथिगृह में आयोजित की गई थी। बैठक की शुरुआत में ही बारिश से हुए नुकसान का आकलन किया गया। कई मंत्रियों ने इस दौरान यह मुद्दा उठाया कि फसल की कटाई के बाद भी भारी नुकसान हुआ है। इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि भरपाई पर विचार किया जाएगा।

**४९ करोड़ रुपये की तत्काल मदद वितरित**

राज्य के मदद एवं पुनर्वसन विभाग की प्रधान सचिव सोनिया सेठी ने बैठक में वर्षा जनित नुकसान की स्थिति और सहायता योजना का प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने बताया कि २७ मई की मंत्रिमंडल बैठक में मकानों की मरम्मत और पुनर्निर्माण के लिए तत्काल सहायता देने के निर्देश दिए गए थे। उसी के तहत कुल ४९ करोड़ की सहायता राशि वितरित की गई है – कोकण को ५ करोड़, पुणे को १२ करोड़, नाशिक को ५ करोड़, छत्रपती संभाजीनगर को १२ करोड़, अमरावती को ५ करोड़ और नागपुर को १० करोड़।



**भरपाई के पुराने आदेश रद्द**

सोनिया सेठी ने बताया कि खरीफ २०२५ और आगे की अवधि के लिए प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई २७ मार्च २०२३ के शासन निर्णय के अनुसार दी जाएगी। इसके तहत १ जनवरी २०२४ के पुराने आदेश अब प्रभावहीन हो गए हैं।

**मछुआरों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी मांगी गई सहायता**

वन मंत्री गणेश नाईक और बंदरगाह विकास मंत्री निलेश राणे ने सूखी मछलियों को हुए नुकसान की ओर ध्यान दिलाते हुए मछुआरों के लिए भी मुआवज़े की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री ने मदद व पुनर्वसन विभाग को प्रस्ताव लाने के निर्देश दिए।

लोक निर्माण मंत्री शिवेंद्रसिंहराजे भोसले ने बताया कि बारिश से सड़कों और छोटे पुलों को नुकसान हुआ है और उनकी मरम्मत की आवश्यकता है। ग्राम विकास विभाग से ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें ठीक करने के लिए भी निर्देश मांगे गए, जिसे उत्पाद शुल्क मंत्री शंभूराज देसाई ने आगे बढ़ाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन क्षेत्रों में पिछले १५ दिनों में रेड अलर्ट जारी किया गया था, वहां की सड़क और पुल मरम्मत प्राथमिकता से की जाए।

**जलस्रोतों में सुधार, टैंकरों की संख्या में गिरावट**

जलसंपदा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दीपक कपूर ने बताया कि उजनी डैम में १४.५ टीएमसी, जयकवाड़ी में २८ टीएमसी और गोसीखुर्द डैम में ३.७२ टीएमसी पानी का भंडार है।

पानी आपूर्ति और स्वच्छता विभाग के प्रधान सचिव संजय खंदारे ने बताया कि जल संकट की स्थिति में सुधार हुआ है। पिछले सप्ताह की तुलना में टैंकर से जल आपूर्ति करने वाले गांवों की संख्या में २०० और टैंकरों की संख्या में ३३६ की कमी आई है। फिलहाल छत्रपती संभाजीनगर और जालना ज़िलों में ही टैंकरों से जल आपूर्ति जारी है।

# महाराष्ट्र में अनुसूचित जनजाति आयोग की स्थापना को मंत्रिमंडल की मंज़ूरी

– ज़मीर क़ाज़ी, मुंबई

महाराष्ट्र मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को राज्य में अनुसूचित जनजाति आयोग की स्थापना, पद निर्माण, कार्यालय व्यवस्था और संबंधित खर्चों को मंजूरी दे दी गई। बैठक की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की।

देश में केंद्र सरकार के स्तर पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए दो स्वतंत्र आयोग कार्यरत हैं क्योंकि दोनों वर्गों से संबंधित विषय अलग-अलग हैं। इसी आधार पर महाराष्ट्र में भी स्वतंत्र अनुसूचित जनजाति आयोग की स्थापना की जा रही है। ५१वीं जनजातीय सलाहकार परिषद की बैठक में भी इस आयोग की स्थापना की सिफारिश की गई थी।

इस आयोग की संरचना राज्य अनुसूचित जाति आयोग के समान होगी – एक अध्यक्ष और चार गैर-सरकारी सदस्य। इसके लिए कुल २६ नए पदों का निर्माण किया जाएगा। आयोग के सदस्यों के वेतन, भत्ते, कार्यालय के किराए, फर्नीचर, बिजली, दूरसंचार, ईंधन और अन्य आवश्यकताओं के लिए कुल ४.२० करोड़ के बजटीय प्रावधान को भी मंजूरी दे दी गई है।

**अनुसूचित जाति आयोग भी रहेगा स्वतंत्र रूप से सक्रिय**

राज्य में अनुसूचित जाति आयोग स्वतंत्र रूप से पहले की तरह कार्य करता रहेगा। मंत्रिमंडल ने दोनों आयोगों को वैधानिक दर्जा देने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। निकट भविष्य में इस पर विधिक प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**संभाजीनगर औरंगाबाद में २०० बिस्तरों वाले अस्पताल के लिए १५ एकड़ भूमि को मंज़ूरी**

मंगलवार की मंत्रिमंडल बैठक में छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) में कर्मचारी राज्य बीमा योजना (एडखउ) के तहत २०० बिस्तरों वाले अस्पताल के लिए मौजे करोडी गांव में १५ एकड़ सरकारी भूमि देने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

इसके अलावा बिबवेवाडी (पुणे), अहमदनगर, सांगली, अमरावती, बल्लारपुर (चंद्रपुर), सिन्नर (नाशिक), बारामती (पुणे), सातारा और पनवेल (रायगढ़) में प्रस्तावित अस्पतालों के लिए भी सरकारी ज़मीन देने को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी गई है।

यह निर्णय औद्योगिक विस्तार और बढ़ती कामगार आबादी की स्वास्थ्य ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, जिससे इन क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित की जा सकेगी।

# विरोध को दरकिनार कर कुर्ला की मदर डेयरी की ज़मीन अदानी को सौंप दी गई -सांसद वर्षा गायकवाड़ का आरोप

– ज़मीर क़ाज़ी, मुंबई

धारावी पुनर्विकास परियोजना के नाम पर भाजपा सरकार मुंबई की प्रमुख जमीनें अदानी समूह को सौंप रही है – ऐसा तीखा आरोप करते हुए मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष और सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कुर्ला स्थित मदर डेयरी की जमीन अदानी समूह को सौंपने के निर्णय का जोरदार विरोध किया है।

मंगलवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में धारावी पुनर्विकास योजना के अंतर्गत कुर्ला की मदर डेयरी की ८.५ हेक्टेयर ज़मीन अदानी समूह को हस्तांतरित करने के निर्णय को मंजूरी दी गई। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए सांसद गायकवाड़ ने कहा, यह ज़मीन बेहद महत्वपूर्ण और पर्यावरण के लिहाज़ से संवेदनशील है। यहां सैकड़ों पेड़ मौजूद हैं और स्थानीय लोग चाहते थे कि इस जगह पर एक उद्यान बनाया जाए। लेकिन जनता की मांग को नज़रअंदाज़ कर यह ज़मीन अदानी को दे दी गई है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर इस फैसले के खिलाफ आंदोलन भी किया था, लेकिन सरकार ने अदानी को लाभ पहुंचाने के लिए सारे नियम-कानून ताक पर रख दिए।


गायकवाड़ ने यह भी याद दिलाया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में ही उनके ही दल के स्थानीय विधायक ने इस ज़मीन को अदानी को न दिए जाने की घोषणा की थी और बड़े पैमाने पर इसका प्रचार भी किया था। अब वे चुप क्यों हैं? उन्हें इसका जवाब देना चाहिए।

उन्होंने मंत्रिमंडल द्वारा अदानी को जमीन सब-लीज पर देने की मंज़ूरी पर भी आपत्ति जताई और स्पष्ट शब्दों में कहा, धारावी के लोगों का पुनर्वास धारावी में ही होना चाहिए, फिर इतनी बड़ी ज़मीन अदानी को क्यों दी जा रही है?

गायकवाड़ ने दो टूक कहा कि कांग्रेस पार्टी और कुर्ला के नागरिक इस फैसले के खिलाफ संघर्ष जारी रखेंगे और यह लड़ाई यहीं नहीं रुकेगी।

# राजीव गांधी दुर्घटना सहायता योजना के तहत छात्र के परिवार को आर्थिक मदद

## जिलाधिकारी विवेक जॉनसन ने छात्र की माता को प्रतीकात्मक रूप से सौंपा एक लाख रुपये का चेक



बीड़, ३ जून (प्रतिनिधि):

महाराष्ट्र शासन के निर्णय क्रमांक झठए/२०११/प्र.क्र. २४९/प्राथि-१ दिनांक १ अक्टूबर २०१३ के अनुसार राजीव गांधी विद्यार्थी दुर्घटना सानुग्रह अनुदान योजना कक्षा १ से १२ तक के सभी छात्रों के लिए नियमित रूप से लागू की गई है। इसी योजना के अंतर्गत आज बीड़ जिले के एक दुर्घटनाग्रस्त छात्र के परिवार को एक लाख रुपये की सहायता राशि का प्रतीकात्मक चेक जिलाधिकारी श्री विवेक जॉनसन के हस्ते सौंपा गया।

वर्ष २०२४-२५ के लिए बीड़ ज़िले में कुल ९३ लाभार्थियों को १,११,१६,३७५ की सहायता राशि वितरित की गई है। मुख्यमंत्री के १०० दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत यह राशि सीधे ठढ्रब्ड प्रणाली द्वारा लाभार्थी विद्यार्थियों की माताओं के बैंक खातों में जमा की गई, ताकि किसी को कार्यालय आने की आवश्यकता न पड़े।

इस अवसर पर बीड़ जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री आदित्य जीवने प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

छत्रपति राजर्षी शाहू महाराज माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालय, वडवणी के दुर्घटनाग्रस्त छात्र ऋषिकेश रामेश्वर मस्के की माता सौ. यमुना रामेश्वर मस्के को यह चेक प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में छात्र के पिता श्री रामेश्वर मस्के, शिक्षणाधिकारी (योजना) श्री संजय पंचगल्ले, सहायक योजना अधिकारी श्री एम. ज़ेड. खतीब समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# मुंबई टोल में छूट के बदले एमआईडीसी को मुआवज़ा, टोल छूट की अवधि बढ़ी

– ज़मीर क़ाज़ी, मुंबई

मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को मुंबई शहर के पांच प्रमुख टोल नाकों पर हल्के वाहन, स्कूल बस और राज्य परिवहन की बसों को दी जा रही टोल छूट के बदले महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास महामंडल (एमएसआरडीसी) को मुआवज़ा देने की मंजूरी दी गई। साथ ही टोल छूट की अवधि को बढ़ाकर १७ सितंबर २०२९ तक कर दिया गया है।

यह छूट सायन-पनवेल मार्ग पर वाशी, लाल बहादुर शास्त्री मार्ग पर मुलुंड, पूर्वी द्रुतगति मार्ग पर मुलुंड, ऐरोली पुल और पश्चिमी द्रुतगति मार्ग पर दहिसर नाकों पर १४ अक्टूबर २०२४ से लागू है। इस कारण उत्पन्न राजस्व हानि की भरपाई एमईपी इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. को करार के अनुसार की जाएगी, जिसकी अनुशंसा मुख्य सचिव की समिति ने की है। मूल रूप से यह टोल अनुबंध १९ अक्टूबर २०१० से १८ नवंबर २०२६ तक था। अब इस अवधि को बढ़ाकर १७ सितंबर २०२९ तक किया गया है। हालांकि, बढ़ी हुई अवधि में (१९ नवंबर २०२६ से १७ सितंबर २०२९ तक) सभी प्रकार के वाहनों की रियल-टाइम गणना डेटा देना अनिवार्य होगा। साथ ही मुंबई और उपनगरों में स्थित २७ फ्लायओवर और उनसे संबंधित निर्माण कार्यों के रखरखाव की ज़िम्मेदारी संबंधित कंपनी की ही रहेगी।

# अल्पसंख्यक विद्यार्थियों में शिक्षा की बढ़ती रुचि स्वागतयोग्य - लातूर शिवसेना (उ.बा.ठा.) जिलाध्यक्ष संतोष सोमवंशी



लातूर से मोहम्मद मुस्लिम कबीर की रिपोर्ट

शिक्षा प्राप्त करने के लिए बुद्धिमत्ता और संकल्पशक्ति जरूरी है। अगर इसी आधार पर मेहनत की जाए, तो कोई भी बाधा आपको आपकी मंज़िल तक पहुँचने से रोक नहीं सकती। यह विचार शिवसेना (उद्धव बाळासाहेब ठाकरे) लातूर जिलाध्यक्ष संतोष सोमवंशी ने व्यक्त किए।

यह कार्यक्रम खूनदमीर मल्ला मीत मंडळ के सहयोग से मिलत अंजुमन महदविया ओसा की ओर से ख्वाजा बंदा नवाज़ हसीना गर्ल्स हाई स्कूल, ओसा में आयोजित किया गया, जिसमें ओसा शहर के एसएससी और एचएससी में सफल अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। विशेष अतिथियों के हाथों उन्हें प्रशस्ति पत्र, स्कूल/कॉलेज बैग और गुलदस्ते देकर हौसला अफज़ाई की गई।

इस अवसर पर शिवसेना महिला विंग अध्यक्ष जया ताई अटगे, महाराष्ट्र किसान परिषद अध्यक्ष राजीव कसबे, पूर्व नगरसेवक अंगद कांबले, सैयद अब्दुल हमीद, डॉ. वहीद कुरैशी, प्रो. अब्दुल वहाब मिलेभारी, अब्दुस्सलीम अलंद (शिक्षक संगठन), जमादार सर, संजय अजलंबे, माजिद अली क़ाज़ी, बीट स्कूल के संस्थापक एडवोकेट इकबाल शेख और शादाब हनुरे सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

पत्रकार मोहम्मद मुस्लिम कबीर ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा,

इस्लाम ने कभी शिक्षा के मार्ग में रुकावट नहीं डाली, बल्कि इसे पुरुष और महिला दोनों के लिए फर्ज़ करार दिया है। लड़कियां पर्दे में रहकर भी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकती हैं। जहां मेधा होती है, वहां आर्थिक स्थिति बाधा नहीं बनती – यह बात हाल ही में यवतमाल की ख-ड टॉपर छात्रा अदीबा अनम' ने साबित कर दी है। शिवसेना की जया ताई अटगे ने कहा कि लड़कियों की बढ़ती सफलता देखकर बेहद ख़ुशी हुई है, और आश्वासन दिया कि आगे किसी भी सरकारी या गैर-सरकारी कार्य में पूरा सहयोग दिया जाएगा।

सामाजिक कार्यकर्ता खूनदमीर मल्ला ने उद्घाटन भाषण में बताया कि पिछले कुछ वर्षों से खूनदमीर मल्ला मीत मंडळ और मिलत अंजुमन महदविया ओसा की ओर से सफल छात्रों को प्रोत्साहित करने की परंपरा शुरू की गई है। इस वर्ष ओसा शहर के छह मुस्लिम छात्र चइइड में सफल हुए हैं, उन्हें भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की सफलता के लिए अज़ीम अवरे, ज़ीशान सैयद, अरबाज़ खान पठान, ग़ौस चौधरी, नेमत अवरे, इब्राहीम ततापुरे ने सराहनीय मेहनत की।

# कुर्बानी की भावना को पुनर्जीवित करने के लिए बीड़ में व्याख्यान का आयोजन - जमात-ए-इस्लामी हिंद

## आज भी हो जो इब्राहीम(अ.स) जैसा, ईमान निर्माण विषय पर ४ जून को बंदलपुरा मस्जिद में होगा कार्यक्रम

बीड़, ३ जून:

ईद-उल-अजहा (बकरी ईद) के पवित्र अवसर पर जमात-ए-इस्लामी हिंद, बीड़ की ओर से एक प्रभावशाली और ईमानी जज़्बे से भरपूर सार्वजनिक व्याख्यान का आयोजन किया गया है।

यह कार्यक्रम ४ जून २०२५ को मग़रिब की नमाज़ के बाद बीड़ की ऐतिहासिक बंदलपुरा मस्जिद में आयोजित होगा, जिसका विषय है – आज भी हो जो इब्राहीम(अ.स) जैसा, ईमान निर्माण।

इस कार्यक्रम में मौलाना अब्दुल कवी फलाही (सचिव, जमात-ए-इस्लामी हिंद, महाराष्ट्र प्रदेश) विशेष मार्गदर्शन देंगे। वे कुर्बानी जैसी महान इबादत का ऐतिहासिक महत्व, उसके सामाजिक और आध्यात्मिक प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे।

आयोजकों के अनुसार, यह व्याख्यान हज़रत इब्राहीम (अ.स) के त्याग और समर्पण की प्रेरक यादों को ताज़ा करने और मुस्लिम समाज में ईमान, बलिदान, तथा अल्लाह पर पूर्ण विश्वास की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

जमात-ए-इस्लामी हिंद, बीड़ के स्थानीय अमीर शेख मोइज़ोद्दीन ने नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है ताकि उन्हें आध्यात्मिक लाभ प्राप्त हो और उनका ईमान और अधिक सशक्त हो। कार्यक्रम का समय नमाज़-ए-मग़रिब के तुरंत बाद तय किया गया है।

दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटरर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharashtra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com